# उत्तराखंड में हुये पेपर लीक का आरोपी किशनगढ़ से गिरफ्तार

## उत्तराखंड पुलिस ने शातिर गुनाहगार पर 25 हजार का इनाम घोषित कर रखा था

**मदनगंज-किशनगढ़, (निसं)।** एटीएस उत्तराखण्ड की टीम ने ऐई-जेई पेपर लीक मामले में संलिप्त 25 हजार के इनामी बदमाश को किशनगढ़ में धरदबोचा। पुलिस की गिरफ्त में आये यूपी के शिक्षा माफिया शेरपुर, मुज्जफरनगर निवासी इमलाख (36) पुत्र इलियास है। मुज्जफरनगर कोतवाली थाने के हिस्ट्रीशिटर ने नेशनल यूनिवर्सिटी जोधपुर, गीतांजलि यूनिवर्सिटी राजस्थान, मगध यूनिवर्सिटी बिहार, राजीव गांधी यूनिवर्सिटी कर्नाटक, डॉ. भीमरावअम्बेडकर यूनिवर्सिटी बिहार, पं. भगवत दयाल यूनिवर्सिटी रोहतक सहित अन्य यूनिवर्सिटी की फर्जी डिग्रियां देकर लोगों से मोटी रकम भी वसूली थी।



आरोपी इमलाख

मदनगंज थाना इंचार्ज नेमीचंद चौधरी (आरपीएस) ने बताया की उत्तराखण्ड पुलिस द्वारा लोकेशन ट्रेस करने पर पेपर लीक गेंग में शामिल आदतन बदमाश इमलाख के मोबाइल लोकेशन किशनगढ में मिली। एटीएस टीम व स्थानीय पुलिस ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए कई होटल और गेस्ट हाउस में दबीश दी। इस दरम्यान होटल आशीर्वाद में ठहरे शेरपुर निवासी इमलाख व इसके साथी को फर्जी डिग्रियां, फर्जी मुहर व जाली दस्तावेज सहित गिरफ्त में लिया। उत्तराखंड में चिकित्सा विभाग के परीक्षा पेपर लीक गैंग में यह बतौर दलाल शामिल रहा। तीन दिन पहले यह ट्रेन में सवार होकर किशनगढ़ पहुंच गया।

- **मुज्जफरनगर कोतवाली थाने के हिस्ट्रीशिटर ने कई यूनिवर्सिटी की फर्जी डिग्रियां देकर लोगों से मोटी रकम भी वसूली थी**

लोकेसन मिलने पर उत्तराखंड एटीएस ने वांटेड की फोटो मदनगंज थाना पुलिस को भेज दी थी। पुलिस ने होटलों में दबिश देकर दोनों को गिरफ्त में ले लिया। उत्तराखंड पुलिस ने शातिर गुनाहगार पर 25 हजार का इनाम घोषित कर रखा है। उत्तराखण्ड टीम में शामिल पुलिस निरीक्षक अब्दुल कलाम, उप निरीक्षक यादवेन्द्र बाजवा, दिलभर सिंह नेगी आदि दोनों आरोपियों को लेकर रवाना हो गये।

# सड़क के किनारे युवक का लहूलुहान हालत में शव मिला

## मृतक युवक के परिजनों और ग्रामीणों ने कालाडेरा-रेनवाल रोड को जाम किया

**चौमूं/कालाडेरा, (निसं)।** ग्राम डूंगरी खुर्द के लालासर से नदी की ओर जाने वाले वाली सड़क के किनारे शनिवार सुबह एक युवक का लहूलुहान हालत में शव मिलने से सनसनी फैल गई। वहीं स्थानीय लोगों ने रेनवाल थाना पुलिस को घटना की सूचना दी और सूचना मिलने पर रेनवाल थाना प्रभारी उमराव सिंह मय पुलिस जाब्ता घटना स्थल पर पहुंचे और घटनास्थल का मौका मुआयना किया गया।

- **चौमूं विधायक रामलाल शर्मा ने परिजनों और ग्रामीणों को समझाकर जाम को खुलवाया**



युवक की लाश मिलने के बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई।

मृतक युवक गिरधारी जाट उम्र 22 वर्ष गांव गोरी के बास के रूप में पहचान हुई है। घटना की जानकारी मिलने पर जयपुर ग्रामीण अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय धर्मेन्द्र यादव, दूदू एडिशनल एसपी दिनेश शर्मा, गोविन्दगढ़ डीवाईएसपी बालाराम चौधरी, जोबनेर डीवाईएसपी मुकेश चौधरी, गोविन्दगढ़ थाना प्रभारी धर्म सिंह, कालाडेरा थाना प्रभारी हरबेन्द्र सिंह ,रेनवाल थाना प्रभारी उमराव सिंह ने पहुंचकर घटनास्थल का मौका मुआयना किया। मृतक युवक के परिजनों और ग्रामीणों ने कालाडेरा रेनवाल रोड को जाम किया और आरोपियों को पकड़ने को लेकर एवं मुआवजा व एक व्यक्ति की नौकरी को लेकर प्रदर्शन किया। मांग पूरी नहीं होने तक धरने पर बैठे रहे और शव को लेने इंकार कर दिया।

पुलिस प्रशासन ने लगातार परिजनों से समझाइश वार्ता की लेकिन परिजन अपनी मांगों को लेकर अडे रहे। घटना की जानकारी मिलने पर घटनास्थल पर पहुंच चौमूं विधायक रामलाल शर्मा ने परिजनों और ग्रामीणों को समझाकर जाम को खुलवाया। इस दौरान भाजपा युवा नेता शंकर गौरा, अखिल भारतीय प्रोफेशनल कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष रूक्ष्मणि कुमारी, राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के प्रदेश महामंत्री छुट्टन यादव, सरपंच सुल्तान बुनकर, पूर्व सरपंच हरिनारायण यादव, रामचंद्र गढ़वाल, वार्डपंच कैलाश अटल, कैलाश शर्मा डीलर सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचे।

जानकारी के अनुसार मृतक के भाई मालाराम ने बताया कि वह यहां पास में ही एक निजी फैक्ट्री में शाम को 7 बजे से सुबह 7 बजे की सिफ्ट में वह काम किया करता था। शाम को घर पर बोल कर गया था कि मैं फैक्ट्री जा रहा हूं लेकिन सुबह 10 बजे तक घर नहीं पहुंचने पर जब हमने फैक्ट्री में जा पूछा तो उन्होंने कहा कि वह आया नहीं। थोड़ी देर बाद में ही पुलिस थाने से हमारे पास फोन आया और घटना की जानकारी दी। वहीं प्रथम दृष्टया जांच में अंदेशा जताया जा रहा है कि युवक की हत्या कहीं और जगह करके दुर्घटना का रूप देने के लिए शव को नदी किनारे ग्रेवल सड़क पर फेंका गया है। मृतक युवक का मुंह काफी खून से लथपथ मिला है और मृतक के शरीर के पास पान मसाला की पुड़िया सहित एक सौ रुपये का नोट पड़ा मिला है। साथ ही एक पैर की चप्पल भी टूटी हुई खुली हालत में मिली है। वहीं गोविन्दगढ़ डीवाईएसपी बालाराम ने बताया कि मामले को लेकर जांच की जा रही है आरोपियों को पकड़ने की पूरी कोशिश की जा रही है।

## स्कूली बच्चों की तबियत बिगड़ी

**मालपुरा, (निसं)।** मालपुरा उपखण्ड क्षेत्र के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय अडुस्या में अध्ययनरत तीन दर्जन बच्चों की शनिवार को अचानक तबियत बिगड़ जाने पर स्कूल व गांव में हड़कम्प मच गया।

संस्था प्रधान मुकेश नामा की सूचना पर कुहाड़ा उपस्वास्थ्य केन्द्र प्रभारी यादराम बैरवा व स्वास्थ्य टीम को विद्यालय बुला सभी बच्चों के स्वास्थ्य की जांच करवाई गई। स्वास्थ्य जांच में बच्चों का हिमोग्लोबिन, स्क्रीनिंग, मलेरिया, बुखार की जांच सहित अन्य जांचें की गई तथा हैल्थ एज्यूकेशन व अन्य उपचार दिया गया। स्वास्थ्य परीक्षण व दवा वितरण के बाद बच्चों के स्वास्थ्य में हुये सुधार के बाद विद्यालय प्रशासन व परिवारजनों सहित ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।

# मृतक छात्र के पिता ने हादसे की वजह कमजोर जाली को बताया

**कोटा, (निसं)।** जवाहर नगर थाना इलाके के हॉस्टल में रह रहे पश्चिम बंगाल के स्टूडेंट 19 वर्षीय ईशानांशु भट्टाचार्य की मौत हॉस्टल की छठी मंजिल से गिरने से गत 2 फरवरी को हो गई थी। मृतक छात्र के पिता का आरोप है कि हॉस्टल की जाली कमजोर थी जिसके कारण हादसा हुआ।

शनिवार को मृतक छात्र के पिता और परिवार कोटा आए। पुलिस ने पोस्टमार्टम करवा छात्र के शव को परिजनों को सौंप दिया। परिजन शव को लेकर पश्चिम बंगाल के लिए रवाना हो गए। इससे पहले मीडिया से बातचीत करते हुए मृतक के पिता देबाजीत भट्टाचार्य ने कहा कि जिस जगह से उनका बेटा गिरा था वहां पर जाली कमजोर थी। जिसके चलते ही हादसा हुआ है। साथ ही उन्होंने कहा कि हॉस्टल की मॉनिटरिंग भी कमजोर थी। रात के 11.30 बजे तक स्टूडेंट वहां पर मौजूद थे। इसके बावजूद भी उन्हें नहीं रोका टोका गया। उन्होंने कहा कि हॉस्टल की कमजोर जालियां उनके बेटे की मौत की वजह बनी लेकिन आगे और हादसे नहीं हों सभी हॉस्टलों में ऐसी जालियों को मजबूत करना चाहिए। इसके लिए जिला प्रशासन और हॉस्टल संचालकों को कदम उठाने चाहिए।

हम बच्चों से काफी दूर रहते हैं। लेकिन कोटा का एडमिनिस्ट्रेशन यहीं रहता है। ऐसे में देश भर से आने वाले बच्चों की सुरक्षा का ध्यान रखना भी उनकी जिम्मेदारी है। देबोजित भट्टाचार्य का कहना है कि ईशानांशु के गिरने का सीसीटीवी फुटेज मेरे साथ आए लोगों ने देखा है। मैं उस सीसीटीवी फुटेज को देखने का साहस नहीं कर पाया हूं। मुझमें इतनी हिम्मत नहीं है कि इस तरह का बेटे की मौत का वीडियो देख पाऊं। इस मसले पर हॉस्टल संचालक का कहना है कि वह मॉनिटरिंग रखते हैं। ईशानांशु चौथे माले पर रहता था लेकिन वह अपने दोस्तों के साथ छठे माले पर गया हुआ था। इस हादसे के बाद वह हॉस्टल की सारी फ्रेम को दुरुस्त करवाने के बात कह रहे हैं। जाली का फ्रेम खुलता नहीं लेकिन पूरा वजन फ्रेम पर चला गया।

## लापता युवक का तालाब में शव मिला

**मालपुरा, (निसं)।** टोडारायसिंह थाना क्षेत्र के रायसिंहपुरा गांव निवासी रूपलाल गुर्जर का शव बारह दिन बाद माधोगंज के तालाब में तैरता मिला है। जिसका मौके पर ही एएसपी राकेश कुमार बैरवा व डीवाईएसपी सुशील मान की मौजूदगी में पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंपा। मृतक के परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार रूपलाल गुर्जर 24 जनवरी को खेत की रखवाली के लिए मोटरसाईकिल लेकर घर से निकला था। रूपलाल के रहस्यमय ढंग से गायब हो जाने पर परिजनों ने 27 जनवरी को गुमशुदगी का मामला दर्ज करवाया गया। जगह-जगह तलाशी के बावजूद कोई सुराग नहीं मिला। शनिवार को माधोगंज के तालाब में एक शव तैरता मिला। जिसे बाहर निकाल गुमशुदा रूपलाल के रूप में शिनाख्त की गई।

# जी-20 सम्मेलन में 'सामाजिक सुरक्षा के स्थायी वित्तपोषण' के मुद्दे पर चर्चा

**जोधपुर, (कासं)।** जी-20 की रोजगार कार्यसमूह की पहली बैठक शनिवार को जोधपुर में एक सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ संपन्न हुई। जी-20 के सभी देशों ने भारत की अध्यक्षता में निर्धारित तीन प्राथमिकता वाले क्षेत्रों वैश्विक स्तर पर कौशल के क्षेत्र में अंतराल, गिग एवं प्लेटफॉर्म अर्थव्यस्था और सामाजिक सुरक्षा तथा सामाजिक सुरक्षा के लिए स्थायी वित्त पोषण के समाधान के लक्ष्य को हासिल करने के लिए रचनात्मक रूप से काम करने में रुचि और प्रतिबद्धता दिखाई।

बैठक के तीसरे दिन की शुरुआत जी-20 की ईडब्ल्यूजी की अध्यक्ष और श्रम एवं रोजगार मंत्रालय की सचिव के उद्घाटन भाषण से हुई। इस दिन के विभिन्न सत्रों के दौरान 'सामाजिक सुरक्षा के स्थायी वित्तपोषण' के मुद्दे पर चर्चा की गई। अंतर्राष्ट्रीय संगठनों, आईएलओ, ओईसीडी और आईएसएसए ने संयुक्त रूप से सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में वर्तमान और उभरती चुनौतियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने समग्र उद्देश्य और स्थायी वित्तपोषण के लिए उपलब्ध विभिन्न संरचनाओं पर भी ध्यान केंद्रित किया। विश्व बैंक ने अपनी प्रस्तुति में सार्वभौमिक सामाजिक सुरक्षा की जरूरत पर प्रकाश डाला। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन, श्रम और रोजगार मंत्रालय की टीम ने सामाजिक सुरक्षा को बढ़ाने और उसे मजबूत करने की दिशा में भारत सरकार द्वारा लागू की जा रही विभिन्न पहलों और योजनाओं पर एक जानकारीपरक प्रस्तुति दी। इसके बाद देशवार संबोधन हुए। खुली चर्चा में भाग लेने वाले देशों ने अपने-अपने देशों में सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने से संबंधित मौजूदा स्थितियों और कानूनी ढांचे के बारे में विस्तृत ब्यौरा दिया।

ईडब्ल्यूजी के सह-अध्यक्षों इंडोनेशिया और ब्राजील के उत्साहजनक संबोधनों के साथ सत्रों का समापन हुआ। ईडब्ल्यूजी के अध्यक्ष और श्रम एवं रोजगार मंत्रालय की सचिव सुश्री आरती आहूजा ने अपने समापन भाषण में अंतर्राष्ट्रीय संगठनों सहित जी-20 के सभी प्रतिनिधियों और प्रतिभागियों को उनके योगदान व चर्चाओं में भागीदारी के लिए धन्यवाद दिया।

# जल जीवन मिशन योजना के नलकूपों का बिजली कनेक्शन काटा

**कोटपूतली, (निसं)।** एक तरफ प्रदेश की सरकार जल जीवन मिशन योजना के तहत घर-घर शुद्ध पानी उपलब्ध कराने का दावा कर रही है, वहीं दूसरी ओर जल जीवन मिशन के तहत निर्मित नलकूपों के बिजली का बिल बकाया होने पर विद्युत विभाग नलकूपों के कनेक्शन काट रहा है।

नारेहडा में विद्युत विभाग की टीम ने जेईएन राकेश जाजड़ा के नेतृत्व में कार्रवाई करते हुए तीन नलकूपों के कनेक्शन विच्छेदित किए हैं। बिल जमा करवाने की बात पर ग्राम पंचायत व जलदाय विभाग के अधिकारी एक दूसरे पर पल्ला झाड़ रहे हैं। ऐसे में पेयजल आपूर्ति ठप होने का खामयाजा ग्रामीणों को भुगतना पड़ेगा।

इस सम्बन्ध में ग्राम विकास अधिकारी प्रकाश गुर्जर का कहना है कि जल जीवन मिशन को पंचायत के हैंडओवर नहीं किया गया है और राज्य सरकार ने निर्देशित भी किया है कि 2 साल तक इस योजना को जलदाय विभाग ही चलायेगी।



कोटपूतली में जल जीवन मिशन के नलकूपों का बिजली विभाग की टीम ने कनेक्शन काटा।

जलदाय विभाग जेईएन दयाराम जाट का कहना है कि नलकूप का कनेक्शन ग्राम पंचायत के नाम है तो बिल भी ग्राम पंचायत ही जमा करवाए। विद्युत विभाग जेईएन राकेश जाजड़ा ने बताया नारेहडा विद्युत उपकेन्द्र के अधीन आने वाले कुल 120 कनेक्शनों के 72.31 लाख बकाया चल रहे हैं। संबंधित सरपंचों को बार-बार अवगत करवाने के बाद भी बकाया राशि जमा नहीं करवाने पर कनेक्शन विच्छेदित किया गया है।

- **बिल जमा करवाने की बात पर ग्राम पंचायत व जलदाय विभाग के अधिकारी एक-दूसरे पर पल्ला झाड़ रहे हैं**
- **'नारेहडा विद्युत उपकेन्द्र के अधीन 120 कनेक्शनों के 72.31 लाख बकाया'**

# पूनिया ने आगामी चुनाव में कांग्रेस सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प दिलाया

**करौली, (निसं)।** करौली में आयोजित हुई भाजपा जिला कार्यसमिति की बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने कांग्रेस सरकार को जड़ से उखाड़ कर फेंकने का संकल्प दिलाया।

भाजपा जिला कार्यसमिति की बैठक शनिवार को शहर में संपन्न हुई जिस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया रहे। इस अवसर पर बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने करौली जिले की बिगड़ती कानून व्यवस्था पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आने वाले चुनाव में कांग्रेस सरकार को जड़ से उखाड़ फेंकने का समय आ गया है। पूनियां ने कहा कि राजस्थान की कांग्रेस सरकार अपने 4 वर्ष के कार्यकाल में अपने कारनामों से राजस्थान के माथे पर कलंक लगाने का काम कर रही है। इस दौरान भरतपुर संभाग के प्रभारी एवं प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच, भाजपा प्रदेश महामंत्री भजनलाल शर्मा, प्रदेश मंत्री जितेंद्र गोठवाल, क्षेत्रीय सांसद डॉ. मनोज राजौरिया, जिला संगठन प्रभारी भानूप्रताप सिंह,भाजपा जिला अध्यक्ष बृजलाल डिकोलिया, प्रदेश किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष धर्मा डागुर और प्रदेश किसान मोर्चा के मंत्री अशोक सिंह धाबाई, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं पूर्व जिला अध्यक्ष हेमन्द्र वशिष्ठ, पूर्व जिला अध्यक्ष प्रहलाद सिंहल, पूर्व विधायक राजकुमारी जाटव, पूर्व विधायक टोडाभीम रमेश मीणा, बत्ती लाल मीणा ने मंच से संबोधित किया।

## 'आवंटित जिले की जानकारी आज से मिलेगी'

**अजमेर, (कासं)।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा वरिष्ठ अध्यापक (संस्कृत शिक्षा विभाग) प्रतियोगी परीक्षा 2022 का आयोजन 12 फरवरी से 15 फरवरी 2023 तक किया जाएगा। परीक्षा के लिए आवंटित जिले की जानकारी 5 फरवरी से एसएसओ पोर्टल पर लॉगिन कर प्राप्त की जा सकेगी। आयोग सचिव एचएल अटल ने बताया कि परीक्षा के प्रवेश-पत्र परीक्षा तिथि से तीन दिवस पूर्व आयोग वेबसाइट एवं एसएसओ पोर्टल पर अपलोड किए जाएंगे। अभ्यर्थी इस अनुसार यथाशीघ्र समयान्तर्गत प्रवेश-पत्र डाउनलोड कर लेवें। प्रवेश-पत्र आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध एडमिट कार्ड लिंक के माध्यम से आवेदन-पत्र क्रमांक व जन्म दिनांक प्रविष्ठ कर डाउनलोड किए जा सकेंगे। इसके अतिरिक्त एसएसओ पोर्टल पर लॉगिन कर सिटीजन ऐप्स में उपलब्ध रिक्रूटमेंट पोर्टल लिंक से भी प्रवेश-पत्रों को डाउनलोड किया जा सकेगा। अभ्यर्थी प्रवेश पत्र के साथ जारी आवश्यक अनुदेशों का अवलोकन अवश्य कर लेवें।

अटल ने जानकारी दी कि परीक्षा के सुगम संचालन के लिए 6 विषयों को दो ग्रुपों में वर्गीकृत किया गया है।

## असफल अभ्यर्थियों को पुनर्गणना का अवसर

**अजमेर, (कासं)।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा-2021 के मुख्य परीक्षा परिणाम में असफल रहे उत्कृष्ट खिलाडी वर्ग के अभ्यर्थियों को प्राप्तांकों की पुनर्गणना कराने का अवसर दिया गया है। आयोग के संयुक्त सचिव आशुतोष गुप्ता ने बताया कि इस परीक्षा के तहत 30 अगस्त 2022 को जारी मुख्य परीक्षा परिणाम में असफल रहे उत्कृष्ट खिलाडी वर्ग के अभ्यर्थियों को नियमानुसार यह अवसर दिया जा रहा है। उक्त वर्ग के अभ्यर्थी 6 फरवरी से 15 फरवरी 2023 की रात्रि 12 बजे तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। गुप्ता ने कहा कि प्राप्तांकों की पुनः गणना के लिए आयोग की वेबसाइट पर एग्जाम डैशबोर्ड में उपलब्ध लिंक के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन किया जा सकेगा। प्राप्तांकों की पुनर्गणना के लिए प्रति प्रश्न 25 रु की दर से शुल्क का ऑनलाइन ही भुगतान करना होगा।

## जे.ई.ई.-मेन जनवरी सेशन का परिणाम जल्द

**कोटा, (निसं)।** देश की सबसे बड़ी इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई-मेन के जनवरी सेशन का परिणाम जल्द आ सकता है। इससे पूर्व नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने विद्यार्थियों को आवेदन में त्रुटि को दूर करने के लिए अंतिम अवसर दिया है। इसमें स्टेट बोर्ड ऑफ इलेजिब्लिटी और कैटेगरी करेक्शन शामिल है। करेक्शन की अंतिम तिथि 5 फरवरी शाम 5 बजे तक है। वहीं प्रोविजनल आंसर-की चैलेंज करने का समय शनिवार रात 8 बजे समाप्त हो गया। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के कॅरियर काउंसलिंग एक्सपर्ट अमित आहूजा ने बताया कि आवेदन के दौरान विद्यार्थियों से स्टेट ऑफ रेजीडेंस पूछा गया था और उसी स्टेट ऑफ रेजीडेंस के आधार पर भरे हुए स्टेट को ही स्टेट ऑफ इलेजिब्लिटी के स्टेट के रूप में प्रवेश पत्रों में दर्शाया गया है।

विद्यार्थियों को स्टेट ऑफ इलेजिब्लिटी में अपनी दी गई जानकारी में संशय होने पर करेक्शन का अवसर दिया गया है। विद्यार्थी जिस स्टेट से 12वीं की परीक्षा दे रहे हैं, उस स्टेट को स्टेट ऑफ इलेजिब्लिटी वाले कॉलम में करेक्शन कर भर सकते हैं, इसके उपरान्त विद्यार्थी पुनः अपने कन्फर्मेशन पेज का प्रिंट आउट लेकर दिए गए स्टेट की जानकारी की पुष्टि कर सकते हैं। विद्यार्थियों को सलाह दी जाती है कि वे जनवरी अटेम्प्ट के जारी किए गए प्रवेश पत्रों में स्टेट ऑफ इलेजिब्लिटी में दिए गए स्टेट को अवश्य चेक कर लेवें।

# दीक्षांत शिक्षा का अंत नहीं, नए जीवन का प्रवेश द्वार : राज्यपाल कलराज मिश्र

## राज्यपाल ने विश्वविद्यालयों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ मौलिक शोध संस्कृति से जुड़ने का आव्हान किया

**बांसवाड़ा, (निसं)।** राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा है कि दीक्षांत शिक्षा का अंत नहीं नए जीवन का प्रवेश द्वार है। उन्होंने विश्वविद्यालयों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ मौलिक शोध संस्कृति से जुड़ने का आव्हान किया। उन्होंने जनजातीय विश्वविद्यालय को शोध परियोजनाओं के तहत आदिवासी अंचलों की परंपराओं और संस्कृति के सहेजे जाने पर भी जोर दिया। मिश्र बांसवाड़ा में गोविंद गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने दीक्षान्त समारोह में उपाधि प्राप्त करने वाले छात्रों की अपेक्षा छात्राओं की संख्या अधिक होने पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह बालिका शिक्षा के क्षेत्र में एक सुखद एवं सराहनीय पहल है। राज्यपाल कलराज मिश्र ने समारोह में तीस टॉपर को गोल्ड मैडल व 11 शोधार्थियों को पीएच.डी की उपाधि प्रदान की। उन्होंने विश्वविद्यालय द्वारा नई शिक्षा नीति के आलोक में ऐसे पाठ्यक्रम बनाए जाने की भी आवश्यकता जताई जिनसे आदिवासी क्षेत्रों की प्रकृति संरक्षण परंपराओं को आगे बढ़ाया जा सके। उन्होंने शोध की ऐसी परियोजनाओं पर कार्य करने की भी जरूरत बताई जिससे लोक संस्कृति, परंपराओं को आधुनिक दृष्टि मिल सके। उन्होंने रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों के निर्माण, कौशल विकास और विद्यार्थी केंद्रित ऐसी गतिविधियां चलाए जाने का आव्हान किया जिससे विद्यार्थी का सर्वांगीण विकास हो सके। समारोह में जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री अर्जुनसिंह बामनिया ने कहा कि गोविन्द गुरु जनजाति विश्वविद्यालय के खुलने से जनजाति क्षेत्र में शिक्षा स्तर में क्रान्ति आई है। उन्होंने युवाओं से कहा कि राज्य सरकार शिक्षा के क्षेत्र में चहुमुखी विकास कर रही है और उच्च शिक्षा को लेकर अनेको योजनाओं को शुरु किया है जिसका समय पर लाभ ले और अपनी शिक्षा को गति प्रदान करें। समारोह में विश्वविद्यालय के कुलपति आई वी त्रिवेद्वी ने राज्यपाल एवं कुलाधिपति कलराज मिश्र को स्वागत करते हुए विश्वविद्यालय की विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी।




बांसवाड़ा में गोविंद गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह को राज्यपाल ने संबोधित किया।

- **गोविंद गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय का चतुर्थ दीक्षांत समारोह आयोजित**
- **समारोह में 30 को गोल्ड मेडल और 11 शोधार्थियों को पीएचडी की उपाधि मिली**